No. of Printed Pages : **6**

# 7406

Register Number | | | | | | | |

# Language — Part I — HINDI

Time Allowed : 3.00 Hours ]  [ Maximum Marks : 90

**सूचना :** (1) छपाई की स्वच्छता के लिए प्रश्न-पत्र की जाँच करें। यदि स्वच्छता में कोई कमी नज़र आए, तो तुरंत कक्षा पर्यवेक्षक को सूचित करें।

(2) प्रश्नों का उत्तर देने के लिए **नीले** या **काले** स्याही का उपयोग करें।

**Instructions :** (1) Check the question paper for fairness of printing. If there is any lack of fairness, inform the Hall Supervisor immediately.

(2) Use **Blue** or **Black** ink pen to write and underline.

**भाग - I / PART - I**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **सही** विकल्प चुनकर लिखिए। **14x1=14**
Choose the **correct** answer.

**1.** सरल वचन __________ समान है।
(अ) पानी (आ) तीर (इ) पतन (ई) औषध

**2.** बादल __________ रस की वर्षा करता है।
(अ) करुण (आ) प्रेम (इ) नफ़रत (ई) शंका

**3.** छायावाद और रहस्यवाद के श्रेष्ठतम कवियों में कवयित्री __________ प्रसिद्ध हैं।
(अ) महादेवी वर्मा (आ) मीराबाई (इ) सुभद्राकुमारी चौहान (ई) सत्यवती मल्लिक

**4.** 'अमावस्य' अन्धकार __________ का प्रतीक है।
(अ) निराशा (आ) खुशी (इ) रति (ई) आशा

**5.** जोसेफ रायप्पन एक __________ थे।
(अ) डाक्टर (आ) रसोइया (इ) बैरिस्टर (ई) बढ़ई

[ Turn over

**6.** कला के __________ प्रकार हैं।

(अ) चार (आ) दो (इ) आठ (ई) तीन

**7.** गोपालप्रसाद और शंकर __________ को देखने आए थे।

(अ) उमा (आ) प्रेमा (इ) हेमा (ई) रमा

**8.** हमारे संविधान के अनुसार भारत एक __________ राज्य है।

(अ) अंतरराष्ट्रीय (आ) राजतंत्र (इ) गणतंत्र (ई) राष्ट्रीय

**9.** __________ हिन्दी के छायावादी युग के स्तंभ हैं।

(अ) रामचंद्र शुक्ल (आ) श्यामसुंदरदास (इ) हरिश्चंद्र (ई) जयशंकर प्रसाद

**10.** रमजान के पूरे __________ रोजों के बाद ईद आती है।

(अ) इक्कीस (आ) सात (इ) तीस (ई) बारह

**11.** रज्जब और उसकी पत्नी ने रात __________ के घर गुज़ारी।

(अ) हलवाई (आ) दर्ज़ी (इ) ठाकुर (ई) किसान

**12.** संधि __________ प्रकार की होती हैं।

(अ) चार (आ) दो (इ) पाँच (ई) तीन

**13.** 'Broadcast' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द है __________।

(अ) प्रसारण (आ) परिचालन (इ) संशोधन (ई) आबंटन

**14.** शब्द __________ प्रकार के होते हैं।

(अ) चार (आ) आठ (इ) नौ (ई) दो

## भाग - II / PART - II

### विभाग - 1 / SECTION - 1

निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **3x2=6**

Answer **any three** of the following.

**15.** 'कृष्ण की छटा' किस काव्य से लिया गया है?

**16.** कवि ने कैसे अपनी कठिन परिस्थितियों को सहर्ष स्वीकारा है?

**17.** मनुष्य को अनुशासन में कैसे रखा जाता है?

**18.** कमल ने माँ से किसकी शिकायत की?

### विभाग - 2 / SECTION - 2

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **2x2=4**

Answer **any two** of the following.

**19.** कवि शमशेर स्वयं को क्या मानते हैं?

**20.** इंसान के पास कौन-सी असली दौलत है?

**21.** वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

(अ) सहयोग करना

(आ) पालन करना

### विभाग - 3 / SECTION - 3

निम्नलिखित में से **किन्हीं सात** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **7x2=14**

Answer **any seven** of the following.

**22.** सूचना के अनुसार बदलिए।

आप पाठ पढ़ते हैं। (अपूर्ण भूतकाल में लिखिए)

**23.** संधि विच्छेद कीजिए।

(अ) नरेन्द्र

(आ) तपोवन

**24.** शुद्ध कीजिए।

महाराज दशरथ की तीन रानियाँ थीं।

**25.** रेखांकित का पद परिचय दीजिए।

राम <u>ने</u> फल <u>खाया</u>।

**26.** सूचना के अनुसार बदलिए।

किसान गाँव में रहता है। (वचन बदलिए)

**27.** रस की परिभाषा दीजिए।

**28.** चम्पा कौन थी ?

**29.** हामिद दादी के लिए क्या उपहार लाया ?

**30.** शरणागत के साथ कौन घात नहीं करता ?

## भाग - III / PART - III

## विभाग - 1 / SECTION - 1

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **2x4=8**

Answer **any two** of the following.

**31.** संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।

करत-करत अभ्यास ते, जड़मति होत सुजान।
रसरी आवत जात ते, सिल पर परत निसान।।

**32.** टालस्टाय फ़ार्म के नियमों को समझाइए।

**33.** बुढ़िया का क्रोध स्नेह में क्यों बदला ?

**34.** पारिभाषिक शब्द लिखिए।

(अ) Airport

(आ) Budget

(इ) Secretary

(ई) Telephone

## विभाग - 2 / SECTION - 2

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **2x4=8**

Answer **any two** of the following.

**35.** निम्नलिखित गद्यांश का संक्षिप्तीकरण कीजिए।

किसानों का गाँव था, मेहनती आदमी के लिए पचास काम थे। मगर इन दोनों को लोग उसी वक़्त बुलाते थे, जब दो आदमियों से एक का काम पाकर भी संतोष कर लेने के सिवा कोई चारा न होता। अगर दोनों साधू होते तो उन्हें संतोष और धैर्य के लिए, संयम और नियम की बिलकुल ज़रूरत न होती। यह तो इनकी प्रकृति थी। विचित्र जीवन था इनका घर में मिट्टी के दो चार बर्तनों के सिवा कोई संपत्ति नहीं। फटे चीथड़ों से अपनी नग्नता को ढाँके हुए जिए जाते थे। संसार की चिंताओं से मुक्त, कर्ज से लादे हुए, गालियाँ भी खाते, मार भी खाते, मगर कोई भी गम नहीं।

**36.** कमल और निर्मला क्या-क्या करते थे ?

**37.** वीर रस के लक्षण लिखिए।

**38.** संधि कीजिए।

(अ) विद्‌या + आलय

(आ) प्रात: + काल

(इ) प्र + मान

(ई) भो + अन

## विभाग - 3 / SECTION - 3

निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **3x4=12**

Answer **any three** of the following.

**39.** संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।

पर वाणी के प्रसार की कोई सीमा नहीं।

**40.** अद्‌वैत की भावना समझाइए।

**41.** सही मिलान कीजिए।

| | |
|---|---|
| शमशेर बहादुर सिंह | वर्षा विनोद |
| जयशंकर प्रसाद | उदिता |
| भारतेंदु हरिश्चंद्र | झाँसी रानी |
| वृन्दावनलाल वर्मा | कामायनी |

**42.** हिन्दी में अनुवाद कीजिए।

One day a little boy was playing near a bridge. He was only twelve years old. But he was a brave boy. As he was playing, he saw that a horse had thrown its rider into the river. He at once jumped into the water. Swam upto the drowning man and saved his life. Everybody praised the courage of the boy.

**43.** हिन्दी पुस्तक बिक्री केंद्र, नई दिल्ली की ओर से लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद को कुछ पुस्तकें मँगवाते हुए एक आदेश पत्र लिखिए।

## भाग – IV / PART - IV

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार में लिखिए। **3x6=18**

Answer the following in detail.

**44.** (अ) कला के भेदों को सविस्तार समझाइए।

**अथवा**

(आ) उमा का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**45.** (अ) तुलसीदास भगवान गणपति का वर्णन कैसे करते हैं?

**अथवा**

(आ) 'सत्याग्रही का बयान' कविता का सारांश लिखिए।

**46.** (अ) आकाशदीप कहानी का सार क्या है?

**अथवा**

(आ) 'खेलों का महत्व' के बारे में निबंध लिखिए।

## भाग – V / PART - V

कंठस्थ भाग : **( अनिवार्य प्रश्न )** **1x6=6**

Quote from memory : **(Compulsory)**

**47.** कवि बिहारी के कोई तीन दोहे पाठ्यक्रमानुसार लिखिए।

**- o O o -**